futuretopper.in

SET – 1

Series : ONS/1

कोड नं.
Code No. 67/1/1

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **23** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

लेखाशास्त्र

ACCOUNTANCY

निर्धारित समय : 3 घंटे *अधिकतम अंक : 80*

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 80*

सामान्य निर्देश :

(i) *यह प्रश्न-पत्र **दो** खण्डों में विभक्त है – **क** और **ख** ।*

(ii) *खण्ड **क** सभी के लिए **अनिवार्य** है ।*

(iii) *खण्ड **ख** के **दो** विकल्प हैं – विकल्प – **I** वित्तीय विवरणों का विश्लेषण तथा विकल्प – **II** अभिकलित्र लेखांकन ।*

(iv) *खण्ड **ख** से केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

(v) *किसी प्रश्न के सभी खण्डों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए ।*

General Instructions :

(i) *This question paper contains **two** parts **A** and **B**.*

(ii) *Part **A** is **compulsory** for all.*

(iii) *Part **B** has **two** options – Option – **I** Analysis of Financial Statements and Option – **II** Computerized Accounting.*

(iv) *Attempt only **one** option of Part **B**.*

(v) *All parts of a question should be attempted at one place.*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

खण्ड – क

PART – A

(साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

(Accounting for Partnership Firms and Companies)

1. एक साझेदारी फर्म में अधिकतम कितने साझेदार हो सकते हैं ? उस अधिनियम का नाम बताइए जिसमें साझेदारी फर्म के अधिकतम साझेदारों के लिए प्रावधान किया गया है । **1**

What is the maximum number of partners that a partnership firm can have ? Name the Act that provides for the maximum number of partners in a partnership firm.

2. क, ख तथा ग एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । उन्होंने लाभ के 1/8 भाग के लिए घ को एक नया साझेदार बनाया जिसे उसने 1/16 भाग ख से तथा 1/16 भाग ग से प्राप्त किया । क, ख, ग तथा घ के नये लाभ अनुपात की गणना कीजिए । **1**

A, B and C were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3:2:1. They admitted D as a new partner for $1/8^{th}$ share in the profits, which he acquired $1/16^{th}$ from B and $1/16^{th}$ from C.

Calculate the new profit sharing ratio of A, B, C and D.

3. 'साझेदारी के विघटन' तथा 'साझेदारी फर्म के विघटन' के मध्य 'आर्थिक सम्बन्ध' के आधार पर अन्तर दीजिए । **1**

Distinguish between 'Dissolution of Partnership' and 'Dissolution of Partnership Firm' on the basis of 'Economic Relationship'.

4. 'ऋणपत्र शोधन कोष' बनाने के लिए कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का उल्लेख कीजिए । **1**

State the provisions of the Companies Act, 2013 for the creation of 'Debenture Redemption Reserve'.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

5. 1-1-2016 को कामिनी लिमिटेड द्वारा निर्गमित किये गये 1,00,000 समता अंशों पर ₹ 3 प्रति अंश की प्रथम याचना राशि देय हो गई । 500 अंशों के एक धारक करन ने प्रथम याचना राशि का भुगतान नहीं किया । 1000 अंशों के एक अंशधारक अर्जुन ने प्रथम याचना के साथ ₹ 5 प्रति अंश की दूसरी तथा अन्तिम याचना राशि का भुगतान भी कर दिया ।

कम्पनी की पुस्तकों में अदत्त याचना खाता तथा पूर्वदत्त याचना खाता खोलते हुए प्राप्त धनराशि से सम्बन्धित आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टि कीजिए । **1**

On 1-1-2016 the first call of ₹ 3 per share became due on 1,00,000 equity shares issued by Kamini Ltd. Karan a holder of 500 shares did not pay the first call money. Arjun a shareholder holding 1000 shares paid the second and final call of ₹ 5 per share along with the first call.

Pass the necessary journal entry for the amount received by opening 'Calls-in-arrears' and 'Calls-in-advance' account in the books of the company.

6. नुसरत तथा सोनू एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31-3-2015 को समाप्त हुए वर्ष में नुसरत ने ₹ 15,000 का आहरण किया । उसके आहरण पर ब्याज ₹ 300 था ।

यह मानते हुए कि साझेदारों की पूँजी स्थायी थी, आहरण पर ब्याज लगाने के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टि कीजिए । **1**

Nusrat and Sonu were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3:2. During the year ended 31-3-2015 Nusrat had withdrawn ₹ 15,000. Interest on her drawings amounted to ₹ 300.

Pass necessary journal entry for charging interest on drawings assuming that the capitals of the partners were fixed.

7. 4-3-2016 को के.टी.आर. लिमिटेड ने ₹ 1,000 प्रत्येक के 365, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन किया । निम्न परिस्थितियों में ऋणपत्रों के निर्गमन के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(क) जब ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया गया तथा इनका शोधन 10% के अधिलाभ पर किया जाना है ।

(ख) जब ऋणपत्रों का निर्गमन 6% के बट्टे पर किया गया तथा इनका शोधन 5% के अधिलाभ पर किया जाना है । **3**

KTR Ltd., issued 365, 9% Debentures of ₹ 1,000 each on 4-3-2016. Pass necessary journal entries for the issue of debentures in the following situations :

(a) When debentures were issued at par redeemable at a premium of 10%.

(b) When debentures were issued at 6% discount redeemable at 5% premium.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

8. (i) नये साझेदार के प्रवेश; (ii) एक साझेदार का अवकाश ग्रहण तथा (iii) एक साझेदार के निधन के अतिरिक्त किन्हीं ऐसी तीन स्थितियों का उल्लेख कीजिए जब फर्म की ख्याति की गणना की आवश्यकता हो सकती है । **3**

State any three circumstances other than (i) admission of a new partner; (ii) retirement of a partner and (iii) death of a partner, when need for valuation of goodwill of a firm may arise.

9. संदेश लिमिटेड ने संचार लिमिटेड की ₹ 7,00,000 की सम्पत्तियाँ तथा ₹ 2,00,000 की देयताओं का अधिग्रहण ₹ 4,59,500 में किया । ₹ 8,500 का भुगतान संचार लिमिटेड के पक्ष में तीन मास के पश्चात् देय ड्राफ्ट को स्वीकृत करके किया तथा शेष का भुगतान संचार लिमिटेड के पक्ष में ₹ 10 प्रति के समता अंशों को 10% के अधिलाभ पर निर्गमित करके किया गया ।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए संदेश लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **3**

Sandesh Ltd. took over the assets of ₹ 7,00,000 and liabilities of ₹ 2,00,000 from Sanchar Ltd. for a purchase consideration of ₹ 4,59,500. ₹ 8,500 were paid by accepting a draft in favour of Sanchar Ltd. payable after three months and the balance was paid by issue of equity shares of ₹ 10 each at a premium of 10% in favour of Sanchar Ltd.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Sandesh Ltd.

10. नवयुवकों को रोज़गार प्रदान करने हेतु तथा छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित पिछड़े क्षेत्रों के विकास में सहायता के लिए एक्स लिमिटेड ने वहाँ पर एक पावर प्लांट लगाने का निर्णय किया । धन एकत्रित करने के लिए कम्पनी ने ₹ 10 प्रत्येक के 7,50,000 समता अंशों को 50% के अधिलाभ पर निर्गमित करने का निर्णय किया । सभी अंशराशि आवेदन पर देय थी । 20,00,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 50,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा शेष आवेदकों को अनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन कर दिया गया ।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए तथा ऐसे किन्हीं दो मूल्यों की पहचान कीजिए जिन्हें कम्पनी प्रचारित करना चाहती है । **3**

To provide employment to the youth and to develop the Naxal affected backward areas of Chattisgarh. X Ltd. decided to set-up a power plant. For raising funds the company decided to issue 7,50,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of 50%. The whole amount was payable on application. Applications for 20,00,000 shares were received. Applications for 50,000 shares were rejected and shares were allotted to the remaining applicants on pro-rata basis.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the company and identify any two values which X Ltd. wants to propagate.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

11. पी. तथा क्यू. एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1-4-2014 को उन्होंने लाभ के 1/8 भाग के लिए आर. को एक नया साझेदार बनाया तथा उसे ₹ 75,000 के लाभ की गारंटी दी गई । पी. तथा क्यू. का नया लाभ अनुपात पहले जैसा रहेगा परन्तु आर. को गारंटी के कारण हुई किसी भी कमी को वे 3:2 के अनुपात में वहन करने पर सहमत हुए । 31-3-2015 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म का लाभ ₹ 4,00,000 था ।

31 मार्च, 2015 को समाप्त हुए वर्ष के लिए पी., क्यू. तथा आर. का लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए । **4**

P and Q were partners in a firm sharing profits in the ratio of 5:3. On 1-4-2014 they admitted R as a new partner for 1/8th share in the profits with a guaranteed profit of ₹ 75,000. The new profit sharing ratio between P and Q will remain the same but they agreed to bear any deficiency on account of guarantee to R in the ratio 3:2. The profit of the firm for the year ended 31-3-2015 was ₹ 4,00,000.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account of P, Q and R for the year ended 31-3-2015.

12. विकास, विशाल तथा वैभव एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । फर्म अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद करती है । 31-12-2015 को वैभव का देहान्त हो गया । उस तिथि को उसके पूँजी खाते में ₹ 3,80,000 का जमा शेष था तथा फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,20,000 किया गया । लाभ-हानि खाते में ₹ 50,000 का नाम शेष था । मृत्यु के वर्ष में वैभव के लाभ की गणना पिछले पाँच वर्षों के औसत लाभ के आधार पर की जायेगी । पिछले पाँच वर्षों का औसत लाभ ₹ 75,000 था ।

वैभव के निधन पर फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **4**

Vikas, Vishal and Vaibhav were partners in a firm sharing profits in the ratio of 2:2:1. The firm closes its books on 31st March every year. On 31-12-2015 Vaibhav died. On that date his Capital account showed a credit balance of ₹ 3,80,000 and Goodwill of the firm was valued at ₹ 1,20,000. There was a debit balance of ₹ 50,000 in the profit and loss account. Vaibhav's share of profit in the year of his death was to be calculated on the basis of the average profit of last five years. The average profit of last five years was ₹ 75,000.

Pass necessary journal entries in the books of the firm on Vaibhav's death.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

13. एल. तथा एम. एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 28-2-2016 को फर्म का विघटन हो गया । सम्पत्तियों (रोकड़ के अतिरिक्त) तथा बाह्य देयताओं को वसूली खाते में स्थानान्तरित करने के पश्चात् आपको निम्न सूचना दी जाती है :

(क) ₹ 1,40,000 के एक लेनदार ने ₹ 1,80,000 पर मूल्यांकित किए गये भवन को ले लिया तथा फर्म को ₹ 40,000 का भुगतान कर दिया ।

(ख) ₹ 30,000 के एक दूसरे लेनदार ने ₹ 28,000 मूल्य की एक मशीनरी अपने दावे के पूर्ण निपटारे में स्वीकार की ।

(ग) ₹ 70,000 के एक तीसरे लेनदार ने अपने दावे के पूर्ण निपटारे हेतु ₹ 30,000 नगद तथा ₹ 45,000 पुस्तक मूल्य के निवेश स्वीकार किए ।

(घ) विघटन पर ₹ 4,000 की हानि हुई ।

यह मानते हुए कि सभी भुगतान चैक द्वारा किए गए, उपरोक्त लेनदेनों के लिए फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **6**

L and M were partners in a firm sharing profits in the ratio of 2:3. On 28-2-2016 the firm was dissolved. After transferring assets (other than cash) and outsiders' liabilities to realization account you are given the following information :

(a) A creditor for ₹ 1,40,000 accepted building valued at ₹ 1,80,000 and paid to the firm ₹ 40,000.

(b) A second creditor for ₹ 30,000 accepted machinery valued at ₹ 28,000 in full settlement of his claim.

(c) A third creditor amounting to ₹ 70,000 accepted ₹ 30,000 in cash and investments of the book value of ₹ 45,000 in full settlement of his claim.

(d) Loss on dissolution was ₹ 4,000.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the firm assuming that all payments were made by cheque.

14. अशोक, भीम तथा चेतन एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31-3-2015 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

31-3-2015 को अशोक, भीम तथा चेतन का स्थिति विवरण

देयताएँ		राशि (₹)	सम्पत्तियाँ	राशि (₹)
लेनदार		1,00,000	भूमि	1,00,000
देय बिल		40,000	भवन	1,00,000
सामान्य संचय		60,000	प्लांट	2,00,000
पूँजी :			स्टॉक	80,000
अशोक	2,00,000		देनदार	60,000
भीम	1,00,000		बैंक	10,000
चेतन	50,000	3,50,000		
		5,50,000		**5,50,000**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

1 अप्रैल, 2015 से अशोक, भीम तथा चेतन ने भविष्य में लाभ बराबर-बराबर बाँटने का निर्णय लिया । इसके लिए यह समझौता हुआ कि :

(i) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 3,00,000 किया जाये ।

(ii) भूमि का पुनर्मूल्यांकन ₹ 1,60,000 पर किया जाये तथा भवन पर 6% मूल्यह्रास लगाया जाये ।

(iii) ₹ 12,000 के लेनदार दावा प्रस्तुत नहीं करेंगें अत: इन्हें अपलिखित कर दिया जाना चाहिए ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा पुनर्गठित फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए । **6**

Ashok, Bhim and Chetan were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3:2:1. Their Balance Sheet as on 31-3-2015 was as follows :

Balance Sheet of Ashok, Bhim and Chetan as on 31-3-2015

Liabilities		**Amount (₹)**	**Assets**	**Amount (₹)**
Creditors		1,00,000	Land	1,00,000
Bills Payable		40,000	Building	1,00,000
General Reserve		60,000	Plant	2,00,000
Capitals :			Stock	80,000
Ashok	2,00,000		Debtors	60,000
Bhim	1,00,000		Bank	10,000
Chetan	50,000	3,50,000		
		5,50,000		**5,50,000**

Ashok, Bhim and Chetan decided to share the future profits equally, w.e.f. April 1, 2015. For this it was agreed that :

(i) Goodwill of the firm be valued at ₹ 3,00,000.

(ii) Land be revalued at ₹ 1,60,000 and building be depreciated by 6%.

(iii) Creditors of ₹ 12,000 were not likely to be claimed and hence be writtenoff.

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and Balance Sheet of the reconstituted firm.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

15. 1-4-2013 को जे.एन. लिमिटेड के ₹ 100 प्रत्येक के 10,000, 9% ऋणपत्र अदत्त थे ।

(i) 1-4-2014 को कम्पनी ने खुले बाजार से स्वयं के 2,000 ऋणपत्रों का क्रय ₹ 101 प्रति ऋणपत्र की दर से किया तथा इन्हें तुरन्त रद्द कर दिया ।

(ii) 1-4-2015 को कम्पनी ने लॉटरी द्वारा ₹ 4,00,000 के ऋणपत्रों का शोधन सममूल्य पर किया ।

(iii) 28-2-2016 को शेष ऋणपत्रों का क्रय तुरन्त रद्द करने के लिए ₹ 3,97,000 में किया गया ।

ऋणपत्र शोधन कोष तथा ऋणपत्रों पर ब्याज को संज्ञान में न लेते हुए, उपरोक्त लेनदेनों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **6**

On 1-4-2013 JN Ltd. had 10,000, 9% Debentures of ₹ 100 each outstanding.

(i) On 1-4-2014 the company purchased in the open market 2000 of its own debentures for ₹ 101 each and cancelled the same immediately.

(ii) On 1-4-2015 the company redeemed at par debentures of ₹ 4,00,000 by draw of a lot.

(iii) On 28-2-2016 the remaining debentures were purchased for immediate cancellation for ₹ 3,97,000.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the company ignoring debenture redemption reserve and interest on debentures.

16. के.एस. लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 1,60,000 समता अंशों को ₹ 6 प्रति अंश के अधिलाभ पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किये । राशि निम्न प्रकार से देय थी :

आवेदन पर – ₹ 4 प्रति अंश (₹ 1 प्रति अंश के अधिलाभ सहित)

आबंटन पर – ₹ 6 प्रति अंश (₹ 3 प्रति अंश के प्रीमियम सहित)

प्रथम तथा अन्तिम याचना पर – शेष

3,20,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 80,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा आवेदन राशि वापिस कर दी गई । शेष आवेदकों को अनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन कर दिया गया । आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में कर लिया गया । 800 अंशों के अंशधारक जैन ने आबंटन राशि का भुगतान नहीं किया । आबंटन के तुरन्त पश्चात् उसके अंशों का हरण कर लिया गया । उसके पश्चात् अन्तिम याचना माँगी गई । गुप्ता जिसने 1200 अंशों के लिए आवेदन किया था, अन्तिम याचना का भुगतान करने में असफल रहा । उसके अंशों का भी हरण कर लिया गया । हरण किये गये अंशों में से 1000 अंशों को ₹ 8 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन: निर्गमित कर दिया गया । पुन: निर्गमित किये हुए अंशों में जैन के हरण किये गये सभी अंश सम्मिलित थे ।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए के.एस. लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

अथवा

जी.जी. लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 50,000 समता अंशों को ₹ 2 प्रति अंश के अधिलाभ पर निर्गमित किया जो आवेदन राशि के साथ देय था । निर्गमन से सम्बन्धित अधूरी रोज़नामचा प्रविष्टियाँ नीचे दी गई है । आप, इन खाली स्थानों को भरिये ।

जी.जी. लिमिटेड

रोज़नामचा

तिथि	**विवरण**	**ब. पृ. सं.**	**नाम राशि (₹)**	**जमा राशि (₹)**
2015, जन. 10	…….. नाम ……..		……..	……..
	(70,000 अंशों के लि. ₹ 5 प्रति अंश प्रीमियम सहित आवेदन राशि प्राप्त हुई)			
″ 16	समता अंश आवेदन खाता नाम ……..……..……..…….. ……..……..……..…….. ……..……..……..…….. ……..……..……..…….. (आवेदन राशि का अंश पूँजी, प्रतिभूति प्रीमियम खातों में स्थानांतरण, 8000 अंशों के लिए रद्द की आवेदन राशि की वापसी तथा शेष का समायोजन आबंटन पर देय राशि में क्योंकि अंशों का आबंटन अनुपातिक आधार पर किया गया ।)		……..	…….. …….. …….. ……..
″ 31	……..…….. नाम ……..…….. (₹ 4 प्रति अंश की दर से देय आबंटन राशि)		……..	……..
फरवरी 20	……..…….. नाम ……..…….. (आबंटन पर देय शेष राशि प्राप्त की)		……..	……..
अप्रैल 01	……..…….. नाम ……..…….. (प्रथम तथा अन्तिम याचना पर देय राशि)		……..	……..

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

″ 20	……..…….. नाम		……..	
	अदत्त याचना राशि खाता नाम		1,500	
	……..……..			……..
	(प्रथम तथा अन्तिम याचना पर प्राप्त राशि)			
अगस्त 27	……..…….. नाम		……..	
	……..……..			……..
	……..……..			……..
	(उन अंशों का हरण जिन पर याचना राशि प्राप्त नहीं हुई)			
अक्टूबर 3	……..…….. नाम		……..	
	……..…….. नाम		……..	
	……..……..			……..
	(हरण किये गये अंशों का ₹ 8 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन: निर्गमन)			
……..	……..…….. नाम		……..	
	……..……..			……..
	(……..……..……..……..……..)			

8

KS Ltd. invited applications for issuing 1,60,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 6 per share. The amount was payable as follows :

On Application ₹ 4 per share (including premium ₹ 1 per share)

On Allotment ₹ 6 per share (including premium ₹ 3 per share)

One First and Final Call – Balance.

Applications for 3,20,000 shares were received. Applications for 80,000 share were rejected and application money refunded. Shares were allotted on pro-rata basis to the remaining applicants. Excess money received with applications was adjusted towards sums due on allotment. Jain holding 800 shares failed to pay the allotment money. His shares were forfeited immediately after allotment. Afterwards the final call was made. Gupta who had applied for 1200 shares failed to pay the final call. This shares were also forfeited. Out of the forfeited shares 1000 shares were re-issued at ₹ 8 per share fully paid up. The re-issued shares included all the forfeited shares of Jain.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of KS Ltd.

OR

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

GG Ltd. had issued 50,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 2 per share payable with application money. The incomplete journal entries related to the issue are given below. You are required to complete these blanks.

Books of GG Ltd.

JOURNAL

Date	Particulars	L. F.	Debit Amount (₹)	Credit Amount (₹)
2015,				
Jan. 10	…….. Dr.		……..	
	To …….			……..
	(Amount received on application for 70,000 shares @ ₹ 5 per share including premium)			
″ 16	Equity Share Application A/c Dr.		……..	
	To ……..……..……..……..			……..
	To ……..……..……..……..			……..
	To ……..……..……..……..			……..
	To ……..……..……..……..			……..
	(Transfer of application money to share capital, securities premium, money refunded for 8000 shares for rejected applications and balance adjusted towards amount due on allotment as shares were allotted on Pro-rata basis.			
″ 31	……..…….. Dr.		……..	
	To ……..……..			……..
	(Amount due on allotment @ ₹ 4 per share)			
Feb. 20	……..…….. Dr.		……..	
	To ……..……..			……..
	(Balance amount received on allotment)			
April 01	……..…….. Dr.		……..	
	To ……..……..			……..
	(First and final call money due)			
″ 20	……..…….. Dr.		……..	
	Calls-in-arrears A/c. Dr.		1,500	
	To ……..……..			……..
	(Money received on first and final call)			

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

Aug. 27	……..…….. Dr. To ……..…….. To ……..…….. (Forfeited the shares on which call money was not received)		……..	 …….. ……..
Oct. 3	……..…….. Dr. ……..…….. Dr. To ……..…….. (Re-issued the forfeited shares @ 8 per share fully paid up)		…….. ……..	 ……..
……..	……..…….. Dr. To ……..…….. (……..……..……..……..……..)		……..	 ……..

17. क, ख तथा ग एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31-3-2015 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

31-3-2015 को क, ख तथा ग का स्थिति विवरण

देयताएँ	**राशि (₹)**	**सम्पत्तियाँ**	**राशि (₹)**
लेनदार	84,000	बैंक	17,000
सामान्य संचय	21,000	देनदार	23,000
पूँजी :		स्टॉक	1,10,000
क 60,000		निवेश	30,000
ख 40,000		फर्नीचर तथा फिटिंग्स	10,000
ग 20,000	1,20,000	मशीनरी	35,000
	2,25,000		**2,25,000**

उपरोक्त तिथि को घ को एक नया साझेदार बनाया गया तथा यह निर्णय लिया गया कि

(i) क, ख, ग तथा घ का नया लाभ अनुपात 2 : 2 : 1 : 1 होगा ।

(ii) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 90,000 किया गया तथा घ अपने भाग का ख्याति प्रीमियम नगद लाया ।

(iii) निवेशों का बाज़ार मूल्य ₹ 24,000 था ।

(iv) मशीनरी को ₹ 29,000 तक कम किया जायेगा ।

(v) ₹ 3,000 का एक लेनदार अपना दावा पेश नहीं करेगा अत: इसे अपलिखित किया जायेगा ।

(vi) घ फर्म में लाभ के 1/6 भाग के लिए अनुपातिक पूँजी लायेगा ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा पुनर्गठित फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

अथवा

एक्स., वाई तथा ज़ैड़ एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31-3-2015 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

31-3-2015 को एक्स., वाई. तथा जैड़ का स्थिति विवरण

देयताएँ	राशि (₹)	सम्पत्तियाँ		राशि (₹)
लेनदार	21,000	भूमि तथा भवन		62,000
निवेश उतार-चढ़ाव कोष	10,000	मोटर वैन		20,000
लाभ-हानि खाता	40,000	निवेश		19,000
पूँजी :		मशीनरी		12,000
एक्स. 50,000		स्टॉक		15,000
वाई. 40,000		देनदार	40,000	
जैड़ 20,000	1,10,000	घटाया : प्रावधान	3,000	37,000
		रोकड़		16,000
	1,81,000			**1,81,000**

उपरोक्त तिथि को वाई. ने अवकाश ग्रहण कर लिया तथा एक्स. एवं जैड़. ने निम्न शर्तों पर व्यवसाय को चालू रखने का निर्णय लिया :

(1) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 51,000 किया गया ।

(2) कर्मचारी क्षतिपूर्ति का ₹ 4,000 का एक दावा था ।

(3) डूबत ऋणों के लिए प्रावधान को ₹ 1,000 से कम करना था ।

(4) वाई. को ₹ 8,200 का नगद भुगतान किया जायेगा तथा शेष का स्थानान्तरण उसके ऋण खाते में कर दिया जायेगा, जिसका भुगतान चार बराबर वार्षिक किश्तों में 10% प्रति वर्ष ब्याज के साथ किया जायेगा ।

(5) एक्स. तथा ज़ैड़ के मध्य नया लाभ अनुपात 3 : 2 होगा तथा उनकी पूँजी नये लाभ अनुपात में होगी । पूँजी समायोजन चालू खाते खोलकर किया जायेगा ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा पुनर्गठित फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए । **8**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

A, B and C were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3:2:1. On 31-3-2015 their Balance Sheet was as follows :

Balance Sheet of A, B and C as on 31-3-2015

Liabilities	Amount (₹)	Assets	Amount (₹)
Creditors	84,000	Bank	17,000
General Reserve	21,000	Debtors	23,000
Capitals :		Stock	1,10,000
A 60,000		Investments	30,000
B 40,000		Furniture & Fittings	10,000
C 20,000	1,20,000	Machinery	35,000
	2,25,000		**2,25,000**

On the above date D was admitted as a new partner and it was decided that :

(i) The new profit sharing ratio between A, B, C and D will be 2:2:1:1.

(ii) Goodwill of the firm was valued at ₹ 90,000 and D brought his share of goodwill premium in cash.

(iii) The market value of investments was ₹ 24,000.

(iv) Machinery will be reduced to ₹ 29,000.

(v) A creditor of ₹ 3,000 was not likely to claim the amount and hence to be written-off.

(vi) D will bring proportionate capital so as to give him 1/6th share in the profits of the firm.

Prepare Revaluation Account, Partner's Capital Accounts and the Balance Sheet of the reconstituted firm.

OR

X, Y and Z were partners in a firm sharing profit's in the ratio of 5:3:2. On 31-3-2015 their Balance Sheet was as follows :

Balance Sheet of X, Y and Z as on 31st March, 2015

Liabilities	Amount (₹)	Assets		Amount (₹)
Creditors	21,000	Land and Building		62,000
Investment Fluctuation Fund	10,000	Motor Vans		20,000
		Investments		19,000
P & L Account	40,000	Machinery		12,000
Capitals :		Stock		15,000
X 50,000		Debtors	40,000	
Y 40,000		Less : Provision	3,000	37,000
Z 20,000	1,10,000	Cash		16,000
	1,81,000			**1,81,000**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

On the above date Y retired and X and Z agreed to continue the business on the following terms :

(1) Goodwill of the firm was valued at ₹ 51,000.

(2) There was a claim of ₹ 4,000 for Workmen's Compensation.

(3) Provision for bad debts was to be reduced by ₹ 1,000.

(4) Y will be paid ₹ 8,200 in cash and the balance will be transferred in his loan account which will be paid in four equal yearly instalments together with interest @ 10% p.a.

(5) The new profit sharing ratio between X and Z will be 3:2 and their capitals will be in their new profit sharing ratio. The capital adjustments will be done by opening current accounts.

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and the Balance Sheet of the reconstituted firm.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

खण्ड – ख

PART – B

विकल्प – I

Option – I

(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

(Analysis of Financial Statements)

18. 'एक उद्यम प्रतिभूतियों तथा ऋणों का धारण लेनदेन या व्यापार के उद्देश्य से कर सकता है ऐसी स्थिति में ये पुन:विक्रय के लिए अधिग्रहण किये गये माल के समान होते हैं ।' क्या यह कथन सही है ? रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करते समय इस प्रकार की गतिविधियों से हुआ रोकड़ प्रवाह किस प्रकार की गतिविधि के अन्तर्गत वर्गीकृत किया जाएगा ? **1**

'An enterprise may hold securities and loans for dealing or trading purposes in which case they are similar to inventory acquired specifically for resale.' Is the statement correct ? Cash flows from such activities will be classified under which type of activity while preparing Cash Flow Statement ?

19. रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करने के उद्देश्य से 'रोकड़ तुल्य' का अर्थ दीजिए । **1**

Give the meaning of 'Cash Equivalents' for the purpose of preparing Cash Flow Statement.

20. (क) 'एक उद्यम की वित्तीय स्थिति में परिवर्तन की पहचान करना वित्तीय विवरणों के विश्लेषण का एक उद्देश्य है ।' इस विश्लेषण के किन्हीं दो और उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए ।

(ख) ऐसी किन्हीं दो-दो मदों के नाम बताइए जिन्हें कम्पनी अधिनियम 2013 की सूची III के अनुसार किसी कम्पनी के स्थिति विवरण में 'अन्य चालू देयताओं' तथा 'अन्य चालू सम्पत्तियों' के अन्तर्गत दर्शाया जाता है । **2 + 2 = 4**

(a) One of the objectives of 'Financial Statements Analysis' is to identify the reasons for change in the financial position of the enterprise. State two more objectives of this analysis.

(b) Name any two items that are shown under the head 'Other Current Liabilities' and any two items that are shown under the head 'Other Current Assets' in the Balance Sheet of a company as per Schedule III of the Companies Act, 2013.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

21. (क) व्यवसाय की शोधन-क्षमता का क्या अर्थ है ?

(ख) जीव लिमिटेड के वित्तीय विवरणों से प्राप्त निम्न सूचना से ब्याज आवरण अनुपात की गणना कीजिए :
कर पश्चात् शुद्ध लाभ ₹ 1,20,000;
12% दीर्घकालीन ऋण ₹ 20,00,000;
कर दर 40%. **2 + 2 = 4**

(a) What is meant by solvency of business ?

(b) From the following details obtained from the financial statements of Jeev Ltd., calculate interest coverage ratio :
Net Profit after tax ₹ 1,20,000,
12% Long-term Debt ₹ 20,00,000,
Tax Rate 40%.

22. 31 मार्च, 2015 को समाप्त हुए वर्ष के लिए सन् इण्डिया लिमिटेड का लाभ-हानि विवरण निम्न प्रकार है :

विवरण	नोट सं.	31-3-2015 (₹)	31-3-2014 (₹)
कार्यकलापों से आगम		25,00,000	20,00,000
अन्य आगम		1,00,000	5,00,000
कर्मचारी हितलाभ व्यय		कुल आगम का 60%	कुल आगम का 50%
अन्य व्यय		कर्मचारी हितलाभ व्यय का 10%	कर्मचारी हितलाभ व्यय का 20%
कर दर		50%	40%

सन् इण्डिया लिमिटेड का आदर्श-वाक्य, ग्रीन एनर्जी का उत्पादन करके इसका वितरण भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में करना है । इसने पाँच गाँवों से होते हुए पास के शहर को जोड़ने वाली एक सड़क के निर्माण की योजना भी बनाई है । सड़क के निर्माण में यह स्थानीय स्रोतों का उपयोग करेगी तथा स्थानीय लोगों को रोजगार देगी ।

दिए गए लाभ-हानि विवरण से तुलनात्मक लाभ-हानि विवरण तैयार कीजिए तथा ऐसे किन्हीं दो मूल्यों की पहचान भी कीजिए जिन्हें कम्पनी समाज को प्रेषित करना चाहती है । **4**

Following is the statement of Profit and Loss of Sun India Ltd. for the year ended 31st March, 2015 :

Particulars	Note No.	31-3-2015 (₹)	31-3-2014 (₹)
Revenue from operations		25,00,000	20,00,000
Other Income		1,00,000	5,00,000
Employee benefit-expenses		60% of total Revenue	50% of total Revenue
Other expenses		10% of employee benefit expenses	20% of employee benefit expenses
Tax Rate		50%	40%

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

The motto of Sun India Ltd. is to produce and supply green energy in the rural areas of India. It has also taken up a project of constructing a road that will pass through five villages, so that these villages could be connected to the nearby town. It will use the local resources and employ local people for construction of the road.

You are required to prepare a Comparative Statement of Profit and Loss of Sun India Ltd. from the given statement of Profit and Loss. Also identify any two values that the company wishes to convey to the society.

23. 31-3-2015 को के.के. लिमिटेड का स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

के.के. लिमिटेड 31-3-2015 का स्थिति विवरण

विवरण	**नोट सं.**	**31-3-2015 (₹)**	**31-3-2014 (₹)**
I. **समता तथा देयताएँ :**			
(1) अंशधारी निधियाँ			
(अ) अंश पूँजी		10,00,000	8,00,000
(ब) संचय एवं आधिक्य	1	4,00,000	(1,00,000)
(2) अचल देयताएँ			
दीर्घकालीन ऋण	2	9,00,000	10,00,000
(3) चालू देयताएँ			
(अ) लघुकालीन ऋण	3	3,00,000	1,00,000
(ब) लघुकालीन प्रावधान	4	1,40,000	1,80,000
कुल :		**27,40,000**	**19,80,000**
II. **परिसम्पत्तियाँ** :			
(1) अचल परिसम्पत्तियाँ			
(अ) स्थायी सम्पत्तियाँ			
(i) मूर्त	5	20,06,000	14,40,000
(ii) अमूर्त	6	40,000	60,000
(ब) अचल निवेश		2,00,000	1,50,000
(2) चालू परिसम्पत्तियाँ			
(अ) चालू निवेश	7	1,00,000	1,20,000
(ब) स्टॉक (मालसूची)		2,14,000	90,000
(स) रोकड़ तथा रोकड़ तुल्य		1,80,000	1,20,000
कुल :		**27,40,000**	**19,80,000**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

खातों के नोट्स :

नोट सं.	विवरण	31-3-2015 (₹)	31-3-2014 (₹)
1	संचय एवं आधिक्य		
	आधिक्य (लाभ-हानि विवरण का शेष)	4,00,000	(1,00,000)
		4,00,000	**(1,00,000)**
2.	दीर्घकालीन ऋण		
	12% ऋणपत्र	9,00,000	10,00,000
		9,00,000	**10,00,000**
3.	लघुकालीन ऋण		
	बैंक अधिविकर्ष	3,00,000	1,00,000
		3,00,000	**1,00,000**
4.	लघुकालीन प्रावधान		
	कर प्रावधान	1,40,000	1,80,000
		1,40,000	**1,80,000**
5.	मूर्त परिसम्पत्तियाँ		
	मशीनरी	24,06,000	16,42,000
	एकत्रित मूल्यह्रास	(4,00,000)	(2,02,000)
		20,06,000	**14,40,000**
6.	अमूर्त परिसम्पत्तियाँ		
	ख्याति	40,000	60,000
		40,000	**60,000**
7.	स्टॉक (मालसूची)		
	व्यापारिक स्टॉक	2,14,000	90,000
		2,14,000	**90,000**

अतिरिक्त सूचना :

(i) 12% ऋणपत्रों का शोधन 31-3-2015 को किया गया ।

(ii) वर्ष में ₹ 1,40,000 कर का भुगतान किया गया ।

रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए । **6**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

Following is the Balance Sheet of K.K. Ltd. as at 31-3-2015 :

K.K. Ltd. Balance Sheet as at 31-3-2015

Particulars	Note No.	31-3-2015 (₹)	31-3-2014 (₹)
I. **Equity and Liabilities :**			
(1) Shareholders' Funds :			
(a) Share Capital		10,00,000	8,00,000
(b) Reserves and Surplus	1	4,00,000	(1,00,000)
(2) Non-current Liabilities :			
Long-term borrowings	2	9,00,000	10,00,000
(3) Current Liabilities :			
(a) Short-term borrowings	3	3,00,000	1,00,000
(b) Short-term provisions	4	1,40,000	1,80,000
Total :		**27,40,000**	**19,80,000**
II. **Assets :**			
(1) Non-current Assets :			
(a) Fixed Assets :			
(i) Tangible	5	20,06,000	14,40,000
(ii) Intangible	6	40,000	60,000
(b) Non-current Investments		2,00,000	1,50,000
(2) Current Assets :			
(a) Current Investments		1,00,000	1,20,000
(b) Inventories	7	2,14,000	90,000
(c) Cash and Cash Equivalents		1,80,000	1,20,000
Total :		**27,40,000**	**19,80,000**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

Notes to Accounts :

Note No.	Particulars	31-3-2015 (₹)	31-3-2014 (₹)
1	Reserves and Surplus		
	(Surplus i.e. Balance in Statement of Profit and Loss)	4,00,000	(1,00,000)
		4,00,000	**(1,00,000)**
2.	Long-term borrowings :		
	12% Debentures	9,00,000	10,00,000
		9,00,000	**10,00,000**
3.	Short-term borrowings :		
	Bank Overdraft	3,00,000	1,00,000
		3,00,000	**1,00,000**
4.	Short-term provisions :		
	Provision for tax	1,40,000	1,80,000
		1,40,000	**1,80,000**
5.	Tangible Assets :		
	Machinery	24,06,000	16,42,000
	Accumulated Depreciations	(4,00,000)	(2,02,000)
		20,06,000	**14,40,000**
6.	Intangible Assets :		
	Goodwill	40,000	60,000
		40,000	**60,000**
7.	Inventories :		
	Stock in trade	2,14,000	90,000
		2,14,000	**90,000**

Additional Information :

(i) 12% Debentures were redeemed on 31-3-2015.

(ii) Tax ₹ 1,40,000 was paid during the year.

Prepare Cash Flow Statement.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

खण्ड – ख

PART – B

विकल्प – II

Option – II

(अभिकलित्र लेखांकन)

(Computerized Accounting)

18. 'कुंजी फील्ड्स' का क्या अर्थ है ? **1**

What is meant by 'Key Field' ?

19. सामान्यकरण का क्या उद्देश्य है ? **1**

What is the purpose of normalization ?

20. लाभ-हानि के किन्हीं चार उप-वर्गों को समझाइए । **4**

Explain any four sub-groups of Profit and Loss.

21. अभिकलित्र लेखांकन में लेखों का आन्तरिक जोड़-तोड़ हस्तीय लेखांकन से काफी आसान है । कैसे ? **4**

Internal manipulation of records is much easier in computerized accounting than in manual accounting. How ?

22. अभिकलित्र लेखांकन प्रणाली के किन्हीं चार लाभों का उल्लेख कीजिए । **4**

State any four advantages of Computerized Accounting System.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

23. संजय एक सुपरवाइज़र है । माह में उसने 2 दिनों का अवकाश लिया । उसका मूल वेतन ₹ 17,000 है । निम्न सूचना से एक्सल का उपयोग करके उसका (क) अर्जित मूल वेतन, (ख) महँगाई भत्ता; (ग) गृह किराया भत्ता तथा (घ) परिवहन भत्ता की गणना करने के सूत्र दीजिए ।

सूचना :

माह में 30 कार्यकारी दिवस हैं । महँगाई भत्ता दर 35%, गृह किराया भत्ता सुपरवाइजरी स्टाफ के लिए मूल वेतन का 20%; गृह किराया भत्ता गैर-सुपरवाइजरी स्टाफ के लिए मूल वेतन का 15%; सुपरवाइजरी स्टाफ के लिए परिवहन भत्ता ₹ 1,000 मासिक है तथा गैर-सुपरवाइजरी स्टाफ का परिवहन भत्ता ₹ 500 मासिक है । **6**

On the basis of the following information using Excel give the formulae to compute :

(a) Basic pay earned; (b) D.A.; (c) House Rent Allowance and (d) Transport Allowance of Sanjay who is a supervisor. He took a leave for two days during the month. His basic pay is ₹ 17,000.

Informations :

Number of working days in the month are 30. Rate of D.A. 35%, HRA rate for supervisory staff is 20% of basic pay, HRA for non-supervisory staff 15% of basic pay, Transport Allowance for supervisory staff ₹ 1,000 per month and Transport Allowance for non-supervisory staff ₹ 500 per month.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE